दैनिक जागरण 31/03/2026

एआइ कोर्स करने वाले 100 विद्यार्थियों को दिए प्रमाणपत्र

जीएमएन कालेज में एआइ कोर्स पूरा करने वाले विद्यार्थी प्रमाणपत्र के साथ • सौजन्य विज्ञप्ति

अंबाला • विज्ञप्ति : गांधी मेमोरियल नेशनल कालेज अंबाला कैंट में सैमसंग इनोवेशन कैंपस कार्यक्रम के अंतर्गत आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) कोर्स पूर्ण करने वाले 100 विद्यार्थियों को प्रमाणपत्र वितरित किए गए। यह कार्यक्रम टेलीकाम सेक्टर स्किल काउंसिल एवं फोकालेट के सहयोग से संचालित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में हरियाणा राज्य तकनीकी शिक्षा बोर्ड, पंचकूला के सचिव डा. राजेश गोयल उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में आरके शर्मा (सेवानिवृत्त), परवीन बंसल, सचिन मिश्रा तथा जसवीर कौर शामिल रहे। प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने कहा कि आज का युग तकनीकी परिवर्तन का युग है, और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे क्षेत्र में दक्षता प्राप्त करना विद्यार्थियों के लिए अत्यंत आवश्यक है।